दिन– शनिवार

दिनांक– 25 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग ने राज्य में संवेदनशील मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक ही मतदान कराने का दिया निर्देश। इनमें दूसरे चरण के सर्वाधिक मतदान केंद्र शामिल।

02. जदयू ने पूर्व मंत्री शैलेश कुमार समेत ग्यारह नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण हुई कार्रवाई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

———————————————————————

राज्य के तेईस विधानसभा क्षेत्रों के बारह सौ अंठावन मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही मतदान होगा। जबकि अन्य क्षेत्रों में शाम छह बजे तक मत डाले जा सकेंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण के चुनाव में सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में चैनपुर, गोविंदपुर, जमुई, झाझा, चकाई, रजौली और सिकंदरा विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। इसके साथ ही कटोरिया के एक सौ इक्कीस, बेलहर के एक सौ चालीस, चेनारी के बासठ, गोह के पच्चीस, नवीनगर के छब्बीस, कुटुंबा के एक सौ उनहत्तर, औरंगाबाद के सत्तावन, रफीगंज के एक सौ पच्चीस, गुरूआ के बारह, शेरघाटी के अड़तालीस, ईमामगंज के तीन सौ इकसठ, बारचट्टी के छत्तीस और बोधगया के बीस मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक ही मदान होगा।

———————————————————————

जदयू ने पूर्व मंत्री शैलेश कुमार समेत ग्यारह पार्टी नेताओं को निष्कासित कर दिया है। इन नेताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और एनडीए के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव में खड़े होने के कारण यह कार्रवाई की गयी है।

———बाइट———

जनता दल यूनाइटेड ने बागी उम्मीदवार के रूप में एनडीए के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के चलते कई पूर्व विधायकों पूर्व मंत्री सहित 11 नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व मंत्री शैलेश कुमार और जदयू के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह और सुदर्शन कुमार को भी जदयू ने पार्टी से निकाल दिया गया है। इधर चुनाव प्रबंधन और रणनीति के लिए कांग्रेस ने अविनाश पांडे को बिहार का चुनाव समन्वयक बनाया है।

———————————————————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के साथ–साथ दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी प्रचार जोर पकड़ने लगा है। पहले चरण के लिए छह नवंबर को एक सौ इक्कीस और दूसरे चरण के लिए ग्यारह नवंबर को एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और प्रचारकों की ओर से आज भी कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इस बीच चुनाव प्रचार के दौरान दोनों प्रमुख गठबंधन के नेता एक दूसरे पर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, पलायन बिहार के विकास और अन्य मुद्दों को लेकर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

भारतीय जनता पार्टी ,जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के बड़े नेता और स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। वही जनसुरज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, बहुजन समाज पार्टी की ओर से भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में कई जनसभाओं को संबोधितकिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव भी के विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं कई विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। छठ महापर्व के बाद विधानसभा चुनाव प्रचार में और तेजी आने की संभावना है। इधर जनता दल यूनाइटेड ने बागी उम्मीदवार के रूप में एनडीए के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के चलते कई पूर्व विधायकों पूर्व मंत्री सहित 11 नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व मंत्री शैलेश कुमार और जदयू के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह और सुदर्शन कुमार को भी जदयू ने पार्टी से निकाल दिया गया है। इधर चुनाव प्रबंधन और रणनीति के लिए कांग्रेस ने अविनाश पांडे को बिहार का चुनाव समन्वयक बनाया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

———————————————————————————————————

विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ, जातिवादी और द्विअर्थी गीतों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरूपयोग करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पोस्ट को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई, इओयू ने अब तक दस प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार किसी भी सूचना के लिए मोबाईल नम्बर –**नौ शून्य तीन एक आठ दो नौ शून्य छह सात** और ई–मेल साइबर सेल डैश बिहार एट दी रेट एनआईसी डॉट इन पर सूचना दी जा सकती है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि साइब सेल ने तिरेपन डायरी आईटी अधिनियम की धारा में दर्ज की है, जिसमें से सोलह से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्रियों को हटाया जा चुका है।

———————————————————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि राज्य की जनता को एनडीए सरकार पर विश्वास है। पटना में संवाददाताओं से

बातचीत करते हुए श्री मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार से सक्षम मुख्यमंत्री कोई दूसरा व्यक्ति नहीं हो सकता।

———बाइट———

————————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। श्री शाह ने मुंगेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता जंगलराज की वापसी नहीं चाहती है और इस चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवारों को करारा जबाव देगी।

———बाइट———

————————————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि इस बार राज्य की जनता अलर्ट मोड में है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि सुपड़ा किसका साफ होगा यह जनता तय कर देगी।

———बाइट———

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग राज्य के सात लाख से अधिक दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर मतदान कर्मचारियों को भेजकर मतदान कराएगा। आयोग के अनुसार ऐस व्यक्तियों के घर पर मतदान दल छह से ग्यारह नवम्बर के बीच जाएगा और उन्हें मतदान करने की सुविधा देगा। इस मतदान दल में दो मतदान अधिकारी, एक माईक्रो आब्जर्वर, एक वीडियो ग्राफर और सुरक्षाकर्मी शामिल रहेंगे।

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताईसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

——————————————————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। इसके बाद व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। मंगलवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

पटना जिले के बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार के उलार्क में भी छठव्रतियों की भीड़ लगी हुयी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ का उत्साह देखते ही बन रहा है। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया है कि देव स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ ही पड़ोसी राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु महापर्व छठ का अनुष्ठान करने पहुंचे हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किये गये हैं। विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए सशस्त बल की तैनाती की गयी है। इसके साथ ही शेखपुरा के तेउस सूर्य मंदिर, बक्सर के राम रेखा घाट, नवादा जिले के हंडिया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय और नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगारी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर में भी बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंच रहे हैं।

——————————————————————————————

इस बार पटना में एक सौ दो गंगा घाटों के अलावा तिरेसठ तालाबों और पैंतालीस पार्कों में अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई है। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि छठ को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गयी है। घाट से लेकर सड़क और छठव्रतियों के आने–जाने वाले सभी मार्गों समेत दो सौ पांच स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि छठ घाटों के आस–पास कल से दो दिन तक वाहन नहीं चलेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि अशोक राजपथ में वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। अठारह

नदी गश्ती दल तैनात किये गये हैं, जबकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की नौ–नौ टीमें तैनात की गयी हैं। सात स्थानों पर अट्ठाईस गोताखोर सभी संसाधनों के साथ रखें गये हैं। पटना जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश सिंह ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटों पर पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती की गयी है।

———म्यूजिक———

————————————————————————————

राज्य के विभिन्न जेलों में कई कैदी भी छठ महापर्व का अनुष्ठान कर रहे हैं। जेल प्रशासन की ओर से इस संबंध में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पटना के बेउर जेल में पंद्रह महिला और तेईस पुरूष तथा फुलवारी मंडल कारा में दो पुरूष बंदी छठ पर्व कर रहे हैं। बेउर जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा ने बताया कि व्रतियों के लिए सभी व्यवस्था की गयी है।

————————————————————————————

छठ महापर्व के अवसर पर सांध्यकालीन अर्घ्य और प्रातकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी, पटना से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल पटना में गंगा नदी के दीघा घाट से संध्या चार बजे से संध्या साढे पांच बजे तक प्रसारित किया जायेगा। वहीं, प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल मंगलवार को भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा किया जायेगा। संध्या कालीन अर्घ्य के जीवंत प्रसारण के कारण कल शाम चार बजे और शाम पांच बजे का रेनबो पर नियमित चुनाव बुलेटिन का प्रसारण नहीं होगा।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित के बयान पर लिखा है – लालू शासनकाल के जंगलगराज ने बिहार को सदियों पीछे धकेला।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – अबकी बार फिर नीतीशे कुमार, सीएम फेस पर एनडीए नेताओं के सुर बदले। नित्यानंद, रूढ़ी और उपेन्द्र कुशवाहा का ऐलान।

दैनिक जागरण लिखता है – ट्रेनों में भीड़ पर गरमाई राजनीति, राहुल गांधी और लालू प्रसाद के बाद कई अन्य नेताओं ने एनडीए सरकार को घेरा।

प्रभात खबर ने लिखा है – आबादी अठारह प्रतिशत पर इसकी आधी में भी नहीं है सत्ता में हिस्सेदारी। बिहार विधानसभा में पैंतीस सालों में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व दस प्रतिशत भी छू नहीं पाया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. चुनाव आयोग ने राज्य में संवेदनशील मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक ही मतदान कराने का दिया निर्देश। इनमें दूसरे चरण के सर्वाधिक मतदान केंद्र शामिल।

02. जदयू ने पूर्व मंत्री शैलेश कुमार समेत ग्यारह नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण हुई कार्रवाई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।